प्रेस नोट जनपद प्रतापगढ़ दिनांक – 14.07.2021

दिनांक 12.07.2021 को थानाक्षेत्र कन्धई के ग्राम मंगरौरा में हुए राजकुमारी हत्याकाण्ड से सम्बन्धित अभियुक्त गिरफ्तार, आलाकत्ल खुरपी बरामद

दिनांक 12.07.2021 थाना क्षेत्र कन्धई के मगरौरा गांव में एक युवक सूरज उम्र करीब 22 वर्ष पुत्र लालबहादुर वर्मा द्वारा अपनी मां राजकुमारी उम्र लगभग 48 वर्ष पत्नी लालबहादुर को सिर में खुरपी से मार दिया जिससे उनकी मृत्यु हो गई। इस सम्बन्ध में वादी की तहरीर पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 234/21 धारा 302 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था। प्रभारी निरीक्षक कन्धई श्री नीरज वालिया मय हमराह द्वारा थानाक्षेत्र के मंगरौरा से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सूरज पुत्र लालबहादुर वर्मा नि0 मंगरौरा थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल खुरपी बरामद किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

1. सूरज उम्र करीब 22 वर्ष पुत्र लालबहादुर वर्मा नि0 मंगरौरा थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस टीम –

प्रभारी निरीक्षक श्री नीरज वालिया मय हमराह थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़।